# कॉमर्शियल सिलेण्डरों की डिलीवरी बंद, केवायसी बिना घरेलू गैस नहीं

## ईरान-इजराइल युद्ध का दिखने लगा प्रभाव, होटल, रेस्टॉरेंट में खानपान की वस्तुओं के बढ़ सकते हैं दाम

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 10 मार्च।** रसोई गैस सिलेंडर की सप्लाई करने वाली कंपनियों ने जिलेभर के अधिकृत गैस डीलरों को कॉमर्शियल रसोई गैस सिलेंडर की सप्लाई रोक दी है। जिससे शादी-ब्याह के सीजन में जहां लोगों के सामने संकट खड़ा हो गया है। वहीं होटल, रेस्टोरेंट सहित चाय-नाश्ता के ठेले लगाने वाले दुकानदारों को भी खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ाना मजबूरी हो गया है। जिसका सीधा असर जिले की 20 लाख की आबादी पर पड़ेगा।

यहां बता दें कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़े युद्ध का सीधा असर अब जिले की आम जनता पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है। पहले तो रसोई गैस सिलेंडर के दाम 60 रुपए बढ़कर 937 रुपए से 997 हो गए। इसके बाद कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 115 रुपए बढ़ाकर 2015 से 2130 रुपए हो गए। वहीं जो घरेलू गैस सिलेंडर 15 दिन में एक बार यानि महीने में 2 बार बुक हो जाता था, उसकी बुकिंग अवधि 25 दिन कर दी गई। यानि अब एक कनेक्शनधारी को महीने में सिर्फ



एक ही सिलेंडर मिल सकेगा। अब कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई कंपनियों ने बंद कर दी है।

**बिना ई-केवायसी घरेलू गैस सिलेंडर भी नहीं मिलेगा :** ईरान-इजरायल युद्ध अगर और लंबा खिचता है और पेट्रोलियम कंपनियों के सामने रसोई गैस की आपूर्ति का संकट खड़ा होता है तो ऐसे घरेलू गैस उपभोक्ताओं को भी सिलेंडर की डिलीवरी नहीं होगी, जिन्होंने ई-केवायसी नहीं कराई है। रोशन गैस एजेंसी के डीलर मनीष गर्ग ने बताया कि परेशानी से बचने के लिए उपभोक्ता आईवीआरएस ऑनलाइन बुकिंग करें और सप्लाई वेंडर को छह नंबर का डीएसई नंबर जरूर नोट कराएं।

### एक साल में 17 .20 हजार कॉमर्शियल सिलेंडर की खपत

जिले में एक साल में 17 से 20 हजार कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की खपत होती है। यह स्थिति तब है जब अधिकांश होटल, रेस्टोरेंट और शादी-समारोह में घरेलू गैस सिलेंडर का चोरी-छिपे उपयोग हो रहा है। चूंकि घरेलू गैस सिलेंडर भी महीने में सिर्फएक मिल रहा है, ऐसे में होटल, रेस्टोरेंट सहित शादी-ब्याह में कॉमर्शियल सिलेंडर की डिमांड बढ़ेगी लेकिन सप्लाई बंद होने से लोगों के सामने संकट खड़ा हो जाएगा।

# नि :शुल्क नेत्र शिविर में होंगे मोतियाबिंद के ऑपरेशन : महापौर

**मुरैना, 10 मार्च।** आगामी 14 मार्च से 16 मार्च तक जिला अस्पताल में



आयोजित हो रहे नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का परीक्षण किया जाएगा। इस शिविर में चिन्हित मोतियाबिंद मरीजों के ऑपरेशन नि:शुल्क होंगे। यह बात महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी ने कही। श्रीमती सोलंकी मंगलवार को नगर निगम के वार्ड 15 एवं 22 में भ्रमण के दौरान नागरिकों को नि:शुल्क नेत्र शिविर के संबंध में जानकारी दे रहीं थीं। महापौर ने नागरिकों को बताया कि शिविर का आयोजन 14 मार्च से 16 मार्च तक होगा। चिन्हित मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन होंगे और दवाओं का वितरण भी मुफ्त रहेगा। उन्होंने नागरिकों से इस शिविर में शामिल होकर स्वास्थ्यलाभ लेने का आग्रह किया। वार्ड भ्रमण के दौरान उनके साथ पार्षद युवराज डंडौतिया, भाजपा नेता दिलीप पिप्पल, गोविंद उपाध्याय, राकेश पारा, प्रेम बंसल, विवेक शर्मा, अनूप राजावत, लल्लन शर्मा, विजय दीक्षित, सतीश बाजौरिया, योगेश मौर्य आदि उपस्थित थे।

# अम्बाह में 2 प्रतिष्ठानों से लिए मिठाई-राइसब्रॉन तेल के सेम्पल



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 10 मार्च।** फूड सेफ्टी विभाग

### मोबाइल फूड लैब के साथ फूड सेफ्टी टीम की कार्रवाई

की टीम ने मोबाइल फूड लेबोरेटरी के साथ मंगलवार को कस्बा अंबाह में मिष्ठान्न भंडार एवं किराना स्टोर की दुकानों पर सैंपलिंग की कार्रवाई की। टीम ने इन प्रतिष्ठानों से मिठाई, समोसा, राइसब्रॉन ऑइल और अचार के नमूने लिए।

जानकारी के अनुसार फूड सेफ्टी ऑफिसर गिरीश राजौरिया, मोबाइल फूड लेबोरेटरी के कर्मचारी सत्येन्द्र तोमर, भूपेन्द्र सिंह की टीम ने मंगलवार को अंबाह कस्बे में सब्जी मंडी रोड पर संचालित चित्रकूट मिष्ठान्न भंडार की दुकान पर कार्रवाई की। यहां से बेसन के लड्डू और समोसा के नमूने लिए गए। इसी क्रम में वाटरवर्क्स रोड पर स्थित मेघा किराना स्टोर से राइसब्रॉन ऑइल और अचार के सैंपल लिए गए। इस दौरान मोबाइल फूड लेबोरेटरी के कर्मचारियों द्वारा पिनाहट रोड पर संचालित श्रीजी होटल के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते हुए पर्सनल हाईजीन के बारे में बताया और साफ-सफाई के साथ भोजन तैयार किए जाने को कहा।

# जूनियर जॉनी लीवर की कॉमेडी, ऐश्वर्या के सुमधुर गीतों ने बांधा समां



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/अंबाह, 10 मार्च।** कस्बे में आयोजित प्रसिद्ध जयेश्वर महादेव मेले का सोमवार रात भव्य और यादगार समापन हुआ। समापन अवसर पर आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पहुंचे दर्शकों ने सुर- संगीत और हास्य से सजी इस शाम का देर रात तक आनंद लिया। मेला मैदान में उमड़ा जनसैलाब पूरे समय तालियों और

### जयेश्वर महादेव मेले का हुआ रंगारंग समापन, कलाकारों की प्रस्तुति पर झूमे दर्शक

उत्साह से गूंजता रहा।

छत्तीसगढ़ की बेटी और प्रसिद्ध बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर ऐश्वर्या पंडित ने मंच संभालते ही अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों का दिल जीत लिया। उन्होंने भक्ति गीतों से लेकर कई सुपरहिट फिल्मी गीतों की शानदार प्रस्तुति दी।

तेरी आंख्या का यो काजल, कजरा-रे और बोले चूड़ियां जैसे लोकप्रिय गीतों पर दर्शक झूम उठे। हास्य कलाकार बाबू गप्पी और जूनियर जॉनी लीवर ने अपनी दमदार कॉमिक टाइमिंग और मजेदार अंदाज से दर्शकों को खूब गुदगुदाया। उनके चुटकुलों और हास्य प्रस्तुति पर पूरा मैदान ठहाकों से गूंज उठा और दर्शक देर तक हंसते रहे।

### नपाध्यक्ष अंजलि जैन ने जताया आभार

कार्यक्रम के सफल आयोजन पर नगर पालिका अध्यक्ष अंजली जिनेश जैन ने नगरवासियों, कलाकारों और प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से जयेश्वर महादेव मेले का सफल आयोजन संभव हो सका। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी शारिब कौसर सहित समस्त पार्षदगण ने भी मेला आयोजन में सहयोग देने वाले नागरिकों, कर्मचारियों और कलाकारों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# हंसना और दूसरों को हंसाना सबसे बड़ा योग : बाबू गप्पी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/अंबाह, 10 मार्च।** जयश्वर महादेव मेला रंगमंच पर प्रस्तुति देने पहुंचे हास्य कलाकार बाबू गप्पी उर्फ भोला गुर्जर ने कहा

### जयश्वर महादेव मेला रंगमंच पर देर रात तक चला हास्य का दौर

कि हंसना और दूसरों को हंसाना सबसे बड़ा योग है। इससे मन प्रसन्न रहता है और शरीर भी निरोग रहता है। उन्होंने कहा कि लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाना ही उनके जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य है



और वे चाहते हैं कि हंसाने-गुदगुदाने का यह सिलसिला जीवनभर यूं ही चलता रहे।

आगरा जनपद के पिनाहट में जन्मे भोला गुर्जर ने श्रोताओं को हंसाने, गुदगुदाने के साथ अपने जीवन से जुड़े विभिन्न रोचक और मजेदार किस्से भी सुनाए। भोला गुर्जर के बाबू गप्पी के रूप में पहचाने जाने को लेकर उन्होंने बताया कि भोजपुरा गांव में बाबू नाम का एक व्यक्ति अपने मजाकिया अंदाज और बोलने की शैली के लिए प्रसिद्ध था। उन्होंने उसी शैली से प्रेरणा लेकर अपने वीडियो बनाए, जिन्हें लोगों ने खूब पसंद किया और धीरे-धीरे वे बाबू गप्पी के नाम से लोकप्रिय होते चले गए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल कलाकारों के लिए बेहद कठिन समय रहा। लॉकडाउन की वजह से मप्र, उत्तरप्रदेश, राजस्थान के विभिन्न शहरों में उनके कार्यक्रम रद्द हो गए थे। बाबू गप्पी ने कहा कि सरकार को लोक कलाकारों के लिए भी विशेष योजनाएं बनानी चाहिए। बाबू गप्पी का कहना है कि भारत की लोक कला और संस्कृति बेहद समृद्ध है, लेकिन समय के साथ कई पारंपरिक कलाएं धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही हैं। यदि सरकार और समाज मिलकर कलाकारों को प्रोत्साहन दें तो यह अमूल्य धरोहर आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रह सकती है। उन्होंने कहा कि कलाकार समाज को हंसी, मनोरंजन और सकारात्मक ऊर्जा देने का काम करते हैं।

# महिला सफाईकर्मियों को मिला क्लीनिंग क्वीन सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/अंबाह, 10 मार्च।** आचार्य आनंद क्लब के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण सप्ताह के तहत शहर में सफाई कार्य में अहम

### महिला सशक्तिकरण सप्ताह के तहत आचार्य आनंद क्लब द्वारा आयोजन

भूमिका निभाने वाली महिला सफाईकर्मियों को सम्मानित करने के लिए मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर की 30 से अधिक महिला सफाईकर्मियों को क्लीनिंग




क्वीन सम्मान से नवाजा गया।

कार्यक्रम का आयोजन बीसीए सभागार में हुआ। आचार्य आनंद क्लब महिला विंग की निदेशक डॉ. प्रगति शर्मा, नृत्य प्रशिक्षक युक्ताश्री द्वारा महिलाओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। आनंद क्लब की टीम ने पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर महिलाओं को सम्मान स्वरूप सिल्की साड़ियां भेंट की गईं तथा स्वल्पाहार कराया गया। कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी सुधीर आचार्य ने कहा कि नगर की स्वच्छता की जिम्मेदारी निभाने वाली बहनों और माताओं को सम्मानित कर हम सभी स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह महिलाएं नगर को स्वच्छ रखने के साथ लोगों को स्वस्थ रखने में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र सखवार ने किया। क्लब के अध्यक्ष अरविंद मावई ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बालकृष्ण शर्मा, अंकित मिश्रा, अजय जैन, विश्वनाथ गुर्जर, दुष्यंत सिंह तोमर, मनोज शर्मा, गोपाल दीक्षित, फिजियोथैरेपिस्ट सुशील शर्मा का विशेष योगदान रहा।

# विद्युत पेंशनर्स ने किया विरोध प्रदर्शन, दिया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 10 मार्च।** केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित विद्युत संशोधन बिल-2025 के विरोध में विद्युत पेंशनर्स एसोसिएशन के बैनर तले

### विद्युत संशोधन बिल-2025 को लेकर जताया विरोध

बड़ी संख्या में पेंशनर्स ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। जिसके बाद क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर के कार्यालय पर पहुंचकर



ज्ञापन भी दिया गया।

10 मार्च की सुबह 11 बजे बड़ी संख्या में विद्युत पेंशनर्स विद्युत मंडल के वृत्त कार्यालय परिसर में एकत्रित हुए। जहां उनके द्वारा प्रस्ताबिल बिल का एकसुर में विरोध किया और नारेबाजी की। विद्युत पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पीपी मिश्रा ने बताया कि सरकार बजट सत्र के दौरान बिजली संशोधन बिल-2025 को पारित कराने की तैयारी कर रही है, जबकि बिल को लेकर बिजली कर्मचारी, किसान संगठनों और उपभोक्ता समूहों ने आपत्ति जताते हुए सुझाव भी दिए है। संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष पीएस तोमर ने बताया कि प्रस्तावित विद्युत संशोधन बिल-2025 और नेशनल इलेक्ट्रिसिटी बिल पॉलिसी-2026 के माध्यम से केन्द्र सरकार बिजली के क्षेत्र में बड़े स्तर पर निजीकरण को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। ज्ञापन सौंपने वालों में केएल चौहान, मायाराम शर्मा, सुल्तान सिंह सिकरवार, विमलचंद्र जैन, मुरारीलाल प्रजापति, रमेशचंद्र श्रीवास्तव, जीसी गर्ग, मौजीराम राठौर, आरपी ठाकुर, राजेश गुप्ता, शरीफ खान, रामबाबू श्रीवास, पंचम सिंह, मुकेश गुप्ता, राधेश्याम शर्मा, राजेन्द्र राजपूत आदि शामिल थे।

# महिला व युवक की मारपीट के दो अलग-अलग केस दर्ज

**मुरैना, 10 मार्च।** रिठौरा पुलिस ने अनिल पुत्र वकील सिंह मावई नि. रंचौली नूराबाद की रिपोर्ट पर उदयसिंह, मनोज, मोहन, सोनू गुर्जर के विरुद्ध मारपीट और धमकी देने का अपराध दर्ज किया है। इधर कोतवाली पुलिस ने महिला ममतादेवी पत्नी जितेन्द्र यादव नि. राठौर कॉलोनी की शिकायत पर रमेश यादव, सनी यादव, शीला यादव के विरुद्ध गाली-गलौज कर मारपीट किए जाने की एफआईआर दर्ज की है।

## एक नजर में



### कलेक्टर ने 199, कमिश्नर ने 10 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**मुरैना, 10 मार्च।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने जिला मुख्यालय पर मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान 199 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई के दौरान कई आवेदनकर्ताओं के आवेदनों को कलेक्टर ने तत्काल वाट्सएप से निराकरण करने वाले अधिकारियों को भेजा और कहा कि समस्या का त्वरित निराकरण करें। जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, एसडीएम बीएस कुशवाह, डिप्टी कलेक्टर भरत कुमार, श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा, उमेश अवस्थी सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



### चंबल कमिश्नर के समक्ष समस्याएं लेकर पहुंचे 10 आवेदक

जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत चम्बल संभाग आयुक्त सुरेश कुमार ने कुल 10 आवेदकों की विभिन्न समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। आवेदकों ने अपनी समस्याएँ आयुक्त के समक्ष विस्तार से प्रस्तुत कीं। प्राप्त आवेदनों में मुख्यत: राजस्व, पुलिस एवं भूमि विवाद से संबंधित प्रकरण शामिल रहे।

### सुमावली में महिला से मारपीट का मामला दर्ज

**मुरैना।** सुमावली पुलिस ने श्रीमती रामसनेही कुशवाह 47 पत्नी राजेश कुशवाह नि. बगिया का पुरा सुमावली की शिकायत पर पूजा कुशवाह, रेखा कुशवाह के विरुद्ध गालियां देकर मारपीट किए जाने और धमकी देने का मामला दर्ज किया है।

### शराब के लिए पैसे न देने पर युवक की मारपीट, केस दर्ज

**मुरैना।** सिविल लाईन थाना पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के विरुद्ध मारपीट एवं रंगदारी की धाराओं अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि सौरभ गुर्जर पुत्र सुरेश सिंह गुर्जर निवासी सूबालाल का पुरा की 09 मार्च को जागेश किरार, संजय किरार निवासीगण महाराजपुर ने गालियां देते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी।

# प्राईवेट स्कूलों में नि :शुल्क प्रवेश के लिए आवेदन 13 मार्च से

**मुरैना, 10 मार्च।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026.27 में गैर अनुदान प्राप्त स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में नि:शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च 2026 से प्रारंभ होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च 2026 निर्धारित की गई है।

### 28 मार्च तक कर सकेंगे ऑनलाईन आवेदन, 2 अप्रैल को होगा चयन

आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी विद्यालय में नि:शुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल को किया जायेगा। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर जिला परियोजना समन्वयक हरीश तिवारी ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए समयसारिणी भी जारी कर दी गई है।

# एक्सीडेंट में जख्मी 8 साल की सृष्टि की इलाज के दौरान मौत

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 10 मार्च।** सबलगढ़ क्षेत्र में एनएच-552 पर लकेंजरा की पुलिया पर 9 मार्च को हुए एक्सीडेंट में जख्मी हुई 8 साल की

### माता-पिता की घटनास्थल पर हो गई थी मौत, 9 मार्च को एनएच-552 पर सबलगढ़ क्षेत्र में हुआ था हादसा

सृष्टि रावत ने इलाज के दौरान ग्वालियर के अस्पताल में दम तोड़ दिया। मंगलवार को परिजन



उसके शव को लेकर मालीबाजना गांव पहुंचें, जहां अंतिम संस्कार किया गया।

यहां बताना जरूरी होगा कि कैलारस क्षेत्र के ग्राम मालीबाजना निवासी अरविंद रावत 27 पुत्र सावंत सिंह रावत, 9 मार्च की सुबह बाइक पर पत्नी पूनम रावत (26) एवं पुत्री सृष्टि (8) एवं प्रतिज्ञा (01) के साथ सबलगढ़ जा रहे थे। जब उनकी बाइक एनएच-552 पर लकेंजरा की पुलिया के पास से गुजर रही थी। तभी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार अरविंद, उसकी पत्नी पूनम सहित दोनों बेटियां घायल हो गए थे। घटनास्थल पर मौजूद राहगीरों ने घायलों को तत्काल सबलगढ़ अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने अरविंद रावत और उसकी पत्नी पूनम रावत को मृत घोषित कर दिया था। जख्मी सृष्टि को गंभीर हालत के चलते सबलगढ़ से मुरैना और यहां से ग्वालियर रैफर किया गया था। जबकि दूसरी बेटी प्रतिज्ञा को उपचार के लिए सबलगढ़ अस्पताल में भर्ती किया गया है। ग्वालियर में उपचार के दौरान मंगलवार तड़के जख्मी सृष्टि ने दम तोड़ दिया। हादसे को लेकर सबलगढ़ पुलिस ने अज्ञात वाहन के चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की आवश्यक बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 10 मार्च।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक का आयोजन 10 मार्च को कस्बा जौरा में हुआ। बैठक में पेंशनर्स की लंबित मांगों एवं समस्याओं के साथ कई अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

संगठन के पदाधिकारियों ने बैठक में कहा कि महंगाई राहत की राशि के भुगतान एवं धारा-49 को



समाप्त न किए जाने को लेकर सरकार के रवैये से पेंशनरों में आक्रोश व्याप्त है। 2017 से 2026 तक महंगाई राहत की किश्त के एरियर का भुगतान सरकार ने अब तक पेंशनर्स को नहीं किया है।

एसोसिएशन के तहसील शाखा अध्यक्ष हरिओम पाराशर ने कहा कि 16 अप्रैल को पेंशनर्स के विभिन्न संगठनों द्वारा भोपाल में वृहद प्रदर्शनर किया जाएगा। उन्होंने पेंशनर साथियों से भोपाल पहुंचकर प्रदर्शन में शामिल होने का आग्रह भी किया।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में आरडी पाराशर, डीके पाठक, रघुनंदन श्रीवास्तव, मुन्नालाल शाक्य, मुरारीलाल उपाध्याय, भगवान सिंह कुशवाह, हरीशंकर शर्मा, रघुवीर प्रसाद तिवारी, शमशाद खान, विनोद कुमार दुबे, पूरनचंद्र गोयल, महेन्द्र सिकरवार, श्रीकृष्ण अग्रवाल, शिवचरनलाल शर्मा, रामेश्वरदयाल शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, एमडी शाक्य, शोभाराम शर्मा, मूलचंद शर्मा, ज्योति प्रसाद श्रीवास्तव, रामचरण शाक्य, ओमप्रकाश शाक्य, सोनेराम शर्मा, नेमीचंद्र सविता, मुरारीलाल कुशवाह, टीआर शाक्य आदि उपस्थित थे।